सं. 11022/02/2017-हिंदी

गृह मंत्रालय
भारत सरकार
एन.डी.सी.सी.II बिल्डिंग
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
GOVERNMENT OF INDIA
NDCC-II BUILDING,
JAI SINGH ROAD, NEW DELHI - 110001

सत्यमेव जयते

दिनांक: 07.09.2017

कार्यालय ज्ञापन

विषय: 14 सितम्बर, 2017 हिंदी दिवस के अवसर पर गृह सचिव महोदय द्वारा दिए गए संदेश का प्रेषण।

14 सितम्बर, 2017 को हिंदी दिवस के अवसर पर केन्द्रीय गृह सचिव महोदय द्वारा दिए गए संदेश की एक प्रति इस अनुरोध के साथ भेजी जा रही है कि 14 सितम्बर, 2017 को इस संदेश को सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों के संज्ञान में लाएं ताकि वे अपना सरकारी कामकाज हिंदी में करने हेतु प्रेरित हो सकें।

(राकेश कुमार)
संयुक्त निदेशक (राजभाषा)
दूरभाष: 23438192
ईमेल: dir_ol@nic.in

सेवा में,

1. गृह मंत्रालय (मुख्य) और राजभाषा विभाग के सभी अधिकारी/ डेस्क/ अनुभाग।
2. गृह मंत्रालय के सभी सम्बद्ध/ अधीनस्थ कार्यालय।
3. गृह मंत्रालय के नियंत्रण के अधीन सभी संघ-राज्य क्षेत्र प्रशासन।

Sec-(O.L)
SS(OL)
13/9/17

6485 13/09/17
14/09/17

ADMINISTRATION & SECRETARIAT
DIU, DAMAN.
6485 Dt. 13/9/17
901940 Dt. 13/9/17

AD(OL)

15/9/17

Special Secretary
FTS Inward No. 6485 Date: 14/9/17
FTS Outward No. 904730 Date. 15/9/17

राजीव गौबा

सत्यमेव जयते

गृह सचिव
HOME SECRETARY
भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
नॉर्थ ब्लॉक
नई दिल्ली

स. 11022/02/2017-हिंदी

06 सितम्बर , 2017

संदेश

14 सितम्बर, 1949 को संविधान सभा ने हिंदी भाषा को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इसलिए प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को हिंदी दिवस मनाया जाता है।

हिंदी भाषा राष्ट्रीय पहचान और एकता की मजबूत कड़ी के रूप में विशेष भूमिका निभाती आ रही है। हमारे विशाल, बहु-आयामी और बहु-भाषी राष्ट्र के नागरिकों को एक मंच पर लाने में, सम्पर्क-भाषा के रूप में हिंदी का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आज इस रूप में हिंदी भाषा, इलैक्ट्रॉनिक, समाचार-पत्रों, पत्रिकाओं, विज्ञापनों, फिल्मों जैसे विभिन्न सम्पर्क-माध्यमों और विशेष रूप से संसद जैसे महत्वपूर्ण मंच पर प्रतिष्ठा अर्जित करके, लोकप्रियता प्राप्त कर चुकी है।

इस परिप्रेक्ष्य में, गृह मंत्रालय में 01 सितम्बर से 15 सितम्बर, 2017 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस पखवाड़े के दौरान इस मंत्रालय के सभी कार्मिकों में हिंदी के प्रति और अधिक रुचि जगाने तथा उन्हें अपना अधिक से अधिक काम-काज मूल रूप से हिंदी में करने के प्रति प्रेरित करने के प्रयोजन से विभिन्न हिंदी-प्रतियोगिताओं तथा हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।

राजभाषा के रूप में हिंदी का अधिकतम प्रयोग किए जाने के लिए बनाए गए अधिनियम, नियमों तथा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों का अनुपालन करते हुए, हमें अपने काम-काज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करने का भरसक प्रयास करना चाहिए। अब कम्प्यूटर एंव अन्य उपकरणों की उपलब्धता के फलस्वरूप हिंदी में कार्य करना पहले से और अधिक सरल हो गया है। यह हर्ष का विषय है कि सरकारी काम-काज हिंदी में किए जाने में लगातार प्रगति हो रही है।

हिंदी दिवस के अवसर पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मेरी अपील है कि सब मिल कर एक ऐसा वातावरण बनाएं, जिसमें हम अपना अधिक से अधिक सरकारी काम-काज हिंदी में करें तथा अपने सहकर्मियों को भी इस दिशा में और अधिक प्रेरित तथा प्रोत्साहित करने का प्रयास करें।

(राजीव गौबा)